दै भास्कर ① 7/7/17

नांदेड मनपा आम चुनाव 2017

प्रभाग रचना व आरक्षण ड्रा घोषित

» कई दिग्गज पार्षदों के वार्ड हुए आरक्षित

जिला संवाददाता | नांदेड

अक्टूबर 2017 में होने वाली महानगरपालिका के आम चुनाव के लिए प्रभाग रचना व आरक्षण के लिए ड्रा निकालकर, गुरूवार 6 जुलाई को शंकरराव चव्हाण प्रेक्षागृह में प्रक्रिया संपन्न हुई।

इस बार महापौर पद अनुसूचित जाति की महिला के लिए आरक्षित होने से गणेश नगर, चौफाला, ईतवारा, वजिराबाद, खडकपुरा, वसरणी, प्रभाग के अ.वार्ड में निर्वाचित होने वाली महिला महापौर पद की दावेदार रहेगी। 81 वार्ड के लिए 20 प्रभाग किए गए है। सिडको प्रभाग में 5 वार्ड किया गया है। शेष प्रभाग में प्रत्येक के 4 वार्ड रहेंगे। प्रभाग की कुल मतदाता संख्या 25 से 30 हजार के आसपास होने से चुनाव के लिए उम्मीदवारों की प्रचार करते समय बहुत खर्च होगा।

गुरूवार 6 जुलाई को सुबह 11 बजे शंकरराव चव्हाण प्रेक्षागृह में आरक्षण प्रक्रिया की शुरूआत हुई। नांदेड मनपा के आयुक्त गणेश देशमुख ने शुरूआत में आरक्षण संबंधित राज्य चुनाव आयोग के द्वारा दिए गए तत्व उपस्थितों को दी। आरक्षण के दरम्यान सभागृह में लगभग सभी मनपा के पार्षद उपस्थित थे। लेकिन इस आरक्षण प्रक्रिया में ड्रा में कई दिग्गज नगरपार्षदों को आरक्षण की मार बैठी है। इस वजह से उन्हें अब अन्य वार्ड में अपना तकदिर अजमाना होगा। वर्तमान महापौर शैलेजा स्वामी महिला है। अगला महापौर पद का आरक्षण भी महिला के लिए ही घोषित होने से लगातार 2 बार महापौर बनने का अवसर महिला सदस्य को मिल रहा है।

महापालिका के इतिहास में प्रथम बार अनुसूचित जाति की महिला महापौर बनने वाली है। इसके पूर्व सभी पद्धति का आरक्षण महापौर पद के लिए हुआ है। केवल अनु.जाति की महिला के लिए आरक्षण नही हुआ था। प्रवर्ग के सभी पक्ष के नेताओं ने अभी से ही चुनाव की तैयारी शुरू की है। प्रभाग रचना व आरक्षण की प्रक्रिया अंतिम क्षणों तक पहुंची थी। प्रभाग की संख्या कम और आरक्षण की संख्या ज्यादा होने से नये प्रभाग के 95 प्रतिशत जगह का आरक्षण पहले ठहराया गया था। महिला के लिए आरक्षित अनु.जाति 8, अनु.जमाति व अन्य पिछडा प्रवर्ग और सभी प्रवर्ग की 1 ऐसे 11 जगहों के आरक्षण का ड्रा निकाला गया। अनु.जाति 15, अनु.जमाति 2, अन्य पिछडा प्रवर्ग 22 और महिला 21 ऐसे 60 जगहों का आरक्षण निमय के अनुसार पहले ही निश्चित होने से इस समय केवल उनके आरक्षण का ब्यौरा घोषित किया गया।

मनपा में कोई भी बदलाव नहीं किया गया। केवल 2 अथवा 3 सदस्यों की जगह अब 4 व 5 सदस्य की प्रभाग रचना की गयी है। इस समय 2 सदस्य के 39, व 3 सदस्य का 1 ऐसे 40 प्रभाग है। अब 4 सदस्य के 19, 5 सदस्य का 1 ऐसे कुल 20 प्रभाग किए गए है। नयी प्रभाग रचना व्यक्ति व नक्शे आरक्षण प्रक्रिया की जगह उपलब्ध कराए गए थे। आरक्षण ड्रा की प्रक्रिया चरणबद्ध तरीके से संपन्न हुई। इसमें प्रथम अनु.जाति के लिए महिला आरक्षण, ड्रा पद्धति से

निकाला गया। इसके उपरांत अनु.जमाति के नागरिकों का पिछडा प्रवर्ग महिला के लिए आरक्षण ड्रा व आयोग की सूचना के अनुसार उस जगह सीधी पद्धति से दिया गया। सर्वसाधारण महिला व सर्वसाधारण प्रवर्ग का आरक्षण घोषित किया गया है। तरोडा नाका, बु.सांगवी हनुमानगड, भाग्यनगर, गणेश नगर, श्रावस्ती, शिवाजी, नया मोंढा, दत्त, हैदरबाग, उमर कॉलोनी, चौफाला, होली, इतवारा, गाडीपुरा, वजिराबाद, खडकपुरा, वसरणी, कौठा, सिडको वाघाला ऐसे 20 प्रभाग में 21 वार्ड के लिए नांदेड महानगरपालिका की चुनाव प्रक्रिया अक्टूबर माह में संपन्न होने वाली है।